## बिहार मानवाधिकार आयोग (बी0एच0आर0सी0)

**9, बेली रोड, पटना**

**संचिका संख्या– BHRC/Comp.– 5548-4-26-2022**

## Suo-Motu Cognizance

**विषय : पटना जिलान्तर्गत दीघा थाने के दीघा हाट पोल्सन रोड में करंट लगने से 26 वर्षीय युवक (ग्रिल मिस्त्री) की मौत से संबंधित मामला।**

---

**07.09.2022**

पटना में प्रकाशित दैनिक **''हिन्दुस्तान''** समाचार–पत्र के दिनांक–05.09.2022 के अंक में इस आशय का समाचार प्रकाशित हुआ है कि **बिहार राज्य के पटना जिला के अन्तर्गत दीघा थाने के दीघा हाट पोल्सन रोड में एक 26 वर्षीय युवक, रवि कुमार (ग्रिल मिस्त्री) की ट्रान्सफार्मर के नंगे तार से करंट लगने से मृत्यु हो गयी है।**

उपरोक्त मामला काफी गंभीर प्रकृति का प्रतीत होता है तथा **प्रथम दृष्टया मानवाधिकार अतिक्रमण का मामला प्रतीत हो रहा है।**

आयोग द्वारा **स्वप्रेरणा से प्रसंगाधीन मामले का संज्ञान लिया जा रहा है।**

इसे पंजीकृत करें।

समाचार–पत्र में प्रकाशित प्रसंगाधीन मामले से संबंधित समाचारों की कटिंग की छाया–प्रति संलग्न कर दिनांक **30.09.2022** के पूर्व **जिला पदाधिकारी, पटना, वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना व मुख्य महाप्रबंधक, South Bihar Power Distribution Company Ltd. (SBPDCL), पटना**

से प्रसंगाधीन धटना से संबंधित विस्तृत तथ्यात्मक प्रतिवेदन की मांग करें साथ–ही–साथ **रवि कुमार, की पारिवारिक तथा आर्थिक स्थिति के संबंध में भी तत्काल प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु जिला पदाधिकारी, पटना से अनुरोध किया जाय।**

**पत्र के साथ आज पारित आदेश की प्रति एवं समाचार–पत्र की कर्टिंग की छाया प्रति फैक्स/ई–मेल के माध्यम से भी जिला पदाधिकारी, पटना , वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना व मुख्य महाप्रबंधक, South Bihar Power Distribution Company Ltd. (SBPDCL), पटना को भेजी जाय।**

संचिका दिनांक 12.10.2022 को उपस्थापित की जाय।

**(उज्ज्वल कुमार दुबे)**
**सदस्य**

**निबंधक**